हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 नवंबर, 2025

12 एचटेट परिणाम में धांधली की आशंका : दीपेन्द्र हुड्डा



12 लड़कों मे रौनक तो लड़कियों में भूमिका प्रथम



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 13 दिसंबर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, लोक अदालत जिला न्यायालय परिसर में संपन्न होगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेश कुमार के दिशा-निर्देशानुसार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव काजला के नेतृत्व में इसका आयोजन होगा। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित अधिक से अधिक मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है ताकि नागरिकों को सरल, सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। इस लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली, मोटर वाहन दुर्घटना दावा, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, दीवानी वाद, फौजदारी जमानती मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली एवं जल बिल, ट्रैफिक आदि मामलों सुनवाई की जाएगी।

### सीबीएलयू में यूनिफेस्ट का आयोजन आज से

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, प्रेम नगर, भिवानी के नए परिसर में विश्वविद्यालय का 7वां यूनिफेस्ट उत्कर्ष" युवा महोत्सव 21, 22 एवं 23 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, रंगमंच, संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिताओं से सुसज्जित होगा। यह जानकारी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक ने दी है। कार्यक्रम का शुभारंभ 21 नवम्बर को प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विधायक बावनीखेड़ा कपूर सिंह वाल्मीकि एवं दिनेश खन्ना, पूर्व निदेशक, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली होंगे।

### सामान्य अस्पताल में रक्तदान शिविर कल

**भिवानी।** महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर जिओ गीता परिवार व नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा 22 नवंबर शनिवार को सुबह 9 बजे सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यतिथि डीएसपी क्राइम अनूप कुमार होंगे, जो रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करेंगे और मानव सेवा के महत्व पर प्रकाश डालेंगे, ये जानकारी संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व नरेश आहूजा ने दी।

### सैनिक कैंटीन के कर्मचारी को पीटा

**बाढड़ा।** कस्बे के भूतपूर्व सैनिक कैंटीन कर्मचारी को भिवानी से बाढड़ा ड्यूटी पर आते समय अज्ञात युवकों ने वाहन आगे लगाकर लाठी व डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कर्मचारी को गंभीरावस्था में चरखी दादरी सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया है वहीं पुलिस ने चार अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भिवानी निवासी मुकेश कुमार भूतपूर्व सैनिक कैंटीन बाढड़ा में आपरेटर के पद पर सेवारत हैं। वह बुधवार को भिवानी से बाढड़ा ड्यूटी पर आते समय पंचगावां के समीप पहुंचा तो अज्ञात युवकों ने उनकी गाड़ी के आगे कैंपर वाहन आगे लगाकर लाठी व डंडों से हमला कर दिया।

### समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 24 को

**चरखी दादरी।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन आगामी 24 नवंबर को होगा। जिला परिषद के सीईओ डॉ. विरेन्द्र सिंह ने बताया कि लघु सचिवालय के सभागार में 12 बजे होने वाली बैठक में भिवानी महेंद्रगढ़ से लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।

---

### पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने लंबित मामलों का तत्काल समाधान करने की उठाई मांग

# अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी

कर्मचारियों के हित से जुड़े मामलों में जानबूझकर की जा रही देरी : संदीप सोरखी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. न. 41) से संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की आईबी जुई सिविल और आईबी सोरखी ब्रांचों ने वीरवार को बड़ चौक स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय के समक्ष संयुक्त अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह धरना एक्सईन जुई डिवीजन और एक्सईन भिवानी डिवीजन के अधिकारियों के खिलाफ किया, जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की गई। अध्यक्षता ब्रांच प्रधान मोहित कौशिक व प्रमोद राठी ने की, जबकि ब्रांच सचिव जोगिंद्र मास्टर और नीरज ने संचालन की जिम्मेदारी संभाली।



**भिवानी।** मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते वक्ता।

#### मांगें पूरी करने में जानबूझकर कर रहे देरी : संदीप

धरने को संबोधित करते हुए राज्य सह सचिव संदीप सोरखी और जिला सचिव सोमबीर पालवास ने अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित से जुड़े मामलों में जानबूझकर देरी की जा रही है, जिसके कारण कर्मचारियों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों का समाधान जल्द नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों की जायज मांगों को अनदेखा करने और लंबित पड़े लाभों को जारी न करने का आरोप लगाया है। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक यह धरना अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा।

#### कर्मचारियों ने यह मांगें उठाई

इस दौरान प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने अपने मांग-पत्र में 11 प्रमुख मांगें रखी हैं, जिसमें सभी फील्ड कर्मचारियों को एलटीसी दी जाने, जिन कर्मचारियों के 8, 16 और 24 वर्ष पूरे हो चुके हैं, उनकी एसीपी लगाई जाए और लंबित एसीपी का एरियर दिए जाने, मार्च 2024 में नए बेलदार और चपरासी विभाग में आए थे, उनकी इंक्रीमेंट लगाए जाने और पिछले समय का एरियर दिए जाने, जिन कर्मचारियों ने विभाग से ऋण लिया था और वह ऋण कर्मचारियों के द्वारा क्लियर कर दिया गया है, उनको एनओसी दिए जाने की बात उठाई है। इसके अलावा अमन मेट और कुलदीप कैनाल गाड का इंक्रीमेंट एरियर दिए जाने, जिन कर्मचारियों की जुलाई में इंक्रीमेंट लेट लगी, उनका एरियर दिए जाने, सभी कर्मचारियों के जीआईएस खाते खुलवाए जाने, इंटर हरियाणा पर रिपोर्टिंग अधिकारी बनाया जाए ताकि कर्मचारी अपनी छुट्टी ऑनलाइन अप्लाई कर सकें। प्रथम बेलदार का लगभग 3 लाख 30 हजार का मेडिकल बिल का समाधान करवाए जाने, जिन फील्ड कर्मचारियों का यात्रा भत्ता बकाया है वह दिए जाने, अमन मेट की बदली भिवानी सब डिविजन से जुई सब डिवीजन में किए जाने की मांग उठाई।

#### धरने पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला उप प्रधान रामशरण कुंडिया, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष बलराज बाली ओला, बीएंडआर ब्रांच प्रधान दशरथ रंगा सहित रामकिशन फौजी, हरीश, अनूप कोटिया, जगदीप फोगाट, प्रीतम, अमित परमार, प्रदीप दलाल, अजय मावर, प्रदीप सांगा, दिनेश, सुरेश, अक्षय, सुनील बवानी खेड़ा और सुशील हिंदुस्तानी इत्यादि सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

---

### मशीनों से सफाई का शेड्यूल जारी

# अब ऑटोमेटिक रोड स्वीपिंग मशीन से होगी शहर में सफाई

- रविवार से शनिवार तक शेड्यूल के अनुसार होगी मशीनीकृत सफाई

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण के साथ-साथ शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए ऑटोमेटिक रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई की जाएगी। यह मशीन सड़क की सारी धूल और गंदगी को एकत्रित कर लेती है और निर्धारित स्थल पर डंप कर देती है, जिससे धूल कम उड़ती है। मशीन से सफाई के लिए शेड्यूल तैयार कर कर्मचारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं, जो लगभग प्रतिदिन 20 से 30 किलोमीटर तक सफाई करेगी। डीएमसी गुलजार मलिक ने बताया कि नगर परिषद के पास सफाई से संबंधित समस्याएं आती हैं। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसमें ऑटोमेटिक रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जीपीएस लोकेशन के साथ मशीनीकृत सड़क सफाई के लिए रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों के दिन भी प्रतिदिन न्यूनतम 30 किलोमीटर तक सफाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि रविवार को सर्कुलर रोड व उसके क्षेत्र के सभी चौक की सफाई मशीन द्वारा की जाएगी।

#### यह रहेगा शेड्यूल

बताया कि सोमवार को रोहतक गेट बाईपास व दादरी रोड, मंगलवार को हांसी गेट-प्रेम नगर सीबीएलयू यूनिवर्सिटी क्षेत्र, बुधवार को जिला न्यायालय, भीम स्टेडियम, बासिया भवन से कोर्ट रोड व संस्थागत क्षेत्र, गुरुवार को पुराना बस स्टैंड, सिटी स्टेशन, भगत सिंह चौक, शिक्षा बोर्ड व वाणिज्यिक क्षेत्र, शुक्रवार को मिनी बाईपास, रेलवे स्टेशन, दादरी गेट, जैन चौक, सराय चौक, घंटाघर क्षेत्र तथा शनिवार को औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 21 व 26, महम गेट से महम रोड फ्लाईओवर और औद्योगिक क्षेत्र में मशीनीकृत सफाई की जाएगी।

---

# अपहरण व हत्या मामले में फरार इनामी आरोपी अनूप गिरफ्तार

- आरोपी को अदालत ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार द्वारा जिला पुलिस को जिले में हत्या जैसे संगीन अपराध को अंजाम देने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने नलोई निवासी आजाद का अपहरण व हत्या करने के मामले में 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी अनूप को बलियाली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना सिवानी पुलिस को मृतक आजाद की मां ने एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि उसके बेटे आजाद की आरोपियों ने षड्यंत्र रचकर, अपहरण कर हत्या कर दी है जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सिवानी में दर्ज किया था। आरोपी पर भिवानी में हत्या, हत्या का प्रयास समेत कई केस है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है।



**भिवानी।** विभिन्न मामलों में फरार चल रहा आरोपी पुलिस हिरासत में।

---

### भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते काम नहीं आया लोगों का विरोध

# भिवानी-त्रिवेणी रोड पर चार एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी पर प्रशासन ने चलाया पंजा

- अवैध कॉलोनी में प्लॉट न खरीदने की प्रशासन ने दी हिदायत

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत नगर योजनाकार विभाग द्वारा मौजा लोहड़ भिवानी में भिवानी-त्रिवेणी रोड पर लगभग चार एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में अवैध निर्माण को तोड़ा गया। हालांकि कुछ लोगों ने इसका विरोध किया,लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी का अभियान जारी रहा। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और इसको हटाने व सील करने का यह अभियान जारी रहेगा। इसी कड़ी में भिवानी-त्रिवेणी रोड पर चार एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी से कच्चे रोड नेटवर्क व डिमार्केशन को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया।



**भिवानी।** अवैध कॉलोनी को तोड़ती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

#### बहकावे में न आएं

अधिकारियों द्वारा लोगों को समझाया जा रहा है कि वे प्रॉपट्री डीलरों के बहकावे में न आएं और जिला में सरकारी जमीन पर कहीं भी नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुसूचित सड़कों की हरित पट्टी व अनाधिकृत कॉलोनी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। इसके अलावा अवैध कॉलोनी में कोई भी व्यक्ति प्लाट, मकान, दुकान व सभागार आदि का क्रय-विक्रय ना करें। शहर व आसपास के क्षेत्रों में अनेक जगहों पर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। सूचना मिलते ही डीटीपी विभाग का दस्ता मौके पर पहुंच जाता है।

---

### हमला करने के दो आरोपियों को पकड़ा



**भिवानी।** पुलिस ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीएसपी क्राइम अनूप कुमार ने बताया कि छह नवम्बर को पीड़ित भानु जो शिकायतकर्ता सत्य प्रकाश का भांजा है उस पर जान से मारने की नीयत से आरोपियों के द्वारा हमला किया गया था। अब गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान सुशील कुमार पुत्र दशरथ निवासी पुराना बस स्टैंड भिवानी व मयंक पुत्र श्री भगवान निवासी लोहारू रोड भिवानी के रूप में हुई है।

---

### सीवरेज व दूषित जल निकासी की समस्या का किया जा रहा समाधान

# ढाणी फाटक से तिकोना पार्क तक डलेगी नई सीवरेज पाइप लाइन, कार्य शुरू

- नगर परिषद के चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने विकास कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार हरियाणा के प्रत्येक क्षेत्र तक नागरिकों की समस्याओं को जल्द से जल्द हल करवाया जाएगा।

नगर परिषद के माध्यम से यही प्रयास किया जा रहा है कि दादरी के प्रत्येक कोने तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाया जाए। ये बात नगर परिषद के चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने कही। उन्होंने चल रहे कार्यों का मौका निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पवन जांगड़ा, प्रवीण स्वामी, कैलाश वाल्मीकि, देवेंद्र सिंह, राजवीर शर्मा व प्रवीण स्वामी आदि मौजूद रहे।



**चरखी दादरी।** नई सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई करती जेसीबी मशीन व मौका मुआयना करते नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी। फोटो : हरिभूमि

#### यह बनी योजना

सैनी ने बताया कि गांधी नगर, प्रेमनगर सहित आसपास क्षेत्र में होने वाले सीवरेज जाम, दूषित जल निकासी को लेकर कार्य युद्ध स्तर पर करवाया जा रहा है। वहीं ढाणी फाटक से लेकर तिकोना पार्क तक नई सीवरेज पाइप लाइन बिछाई जा रही है, जिसके जरिए दोनों क्षेत्रों तथा आसपास में रहने वाले हजारों नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचेगा। यहां सीवरेज व पानी जमा होने की समस्या अक्सर रहती है, वो पूरी तरह से हल हो जाएगी। यहां जमा पानी तिकोना पार्क पहुंचेगा, जो हौद में एकत्रित होगा व आगे इसे निस्तारण के लिए भेजा जाएगा।

---

### डंडों से पीटने वाले ने अब कान पकड़े

# दुकानदार से रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने दुकानदार से रंगदारी मांगने व धमकी देने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जतिन निवासी भिवानी ने थाना शहर पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि हालू बाजार चौक भिवानी में उनकी पालाराम हलवाई की दुकान है। 16 नवम्बर की रात दो लड़कों ने शिकायतकर्ता से दुकान चलाने के नाम पर रंगदारी मांगी थी। वहीं, दोनों ने खुद को पीयूष उर्फ बच्ची के संगठित गिरोह का सदस्य बताया था। रुपये देने से मना करने के कुछ देर बाद आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ आए और दुकान में घुसकर लाठी डंडों से हमला किया। जैन चौक चौकी के उप निरीक्षक धर्मबीर सिंह ने दूसरे आरोपी को हालू बाजार से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान निश्चय उर्फ निशु पुत्र प्रदीप निवासी हालू बाजार भिवानी के रूप में हुई है।



**भिवानी।** रंगदारी मांगने का आरोपी पुलिस हिरासत में।

---

# नेशनल स्कूली हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए खरक के यतिन हरियाणा टीम में चयनित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी**

- 25 से 29 नवंबर तक कर्नाटक में होगी नेशनल स्कूली हैंडबॉल चैंपियनशिप

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 25 से 29 नवंबर तक कर्नाटक में आयोजित करवाए जाने वाली नेशनल स्कूली हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा के अंडर-17 आयु वर्ग के लिए लड़कों की टीम का कैंप झज्जर जिला के गांव बहराना में आयोजित करवाया गया। इस कैंप में अंडर-17 आयु वर्ग की लड़कों की टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें भिवानी जिला से गांव खरक की सुभाष चंद्र फाउंडेशन हैंडबॉल अकादमी के यतिन का चयन नेशनल स्कूली हैंडबॉल चैंपियनशिप की हरियाणा की टीम के लिए हुआ। यह जानकारी देते हुए हैंडबॉल कोच विवेक खरकिया ने बताया कि यतिन का हरियाणा टीम में चयन होने से गांव सहित जिला भर के खेल प्रेमियों में खुशी है। उन्होंने बताया कि सुभाष चंद्र फाउंडेशन द्वारा गांव खरक में हैंडबॉल अकादमी शुरू की गई, जिसका पूरा खर्चा फाउंडेशन ही वहन करती है। यतिन एक होनहार एवं प्रतिभावान खिलाड़ी है, जिसका राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम में चयन होने से हरियाणा की टीम को काफी फायदा मिलेगा।



चयनित खिलाड़ी यतिन।

#### 16 का चयन

उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम को जीत दिलाने में यतिन अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कोच विवेक खरकिया ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के हरियाणा की टीमों में 16 लड़कों का चयन किया है। यतिन का हरियाणा टीम में चयन होने पर गांव खरक कलां के सरपंच राजकुमार डा. आकाश, राजेश बीडीसी, पूर्व हैंडबाल खिलाड़ी शैलेंद्र परमार, रविंद्र आईटीबीबी, हैंडबाल कोच आशीष, कोच विकास सहित अनेक खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

---

**संस्कार** बिधनोई गांव के डॉ. संदीप खनगवाल ने किया सराहनीय कार्य

# रास्ते में गिरा दुल्हन के गहनों का सूटकेस डॉक्टर ने लौटाकर दिखाई ईमानदारी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहल**

बिधनोई से हरियावास गांव के बीच सड़क पर गिरा गहनों से भरा सूटकेस वीरवार को बिधनोई गांव के युवक डॉ. संदीप खनगवाल को मिला। डॉ. संदीप ने अपनी ईमानदारी का परिचय दिया और मालिक को गांव बुलाकर उसके हवाले कर दिए।

लोहारू क्षेत्र के गांव बरालू निवासी दलीप सिंह अपने पुत्र राहुल की शादी के लिए बारात लेकर हरियावास गांव गए थे। विदाई 19 नवंबर को सुबह करीब 5 बजे हुई तो दुल्हन के गहने दूल्हे के पिता दलीप की गाड़ी में रख दिए थे। दलीप की गाड़ी में रखा सूटकेस हरियावास व बिधनोई के बीच रास्ते पर कहीं गिर गया। वहीं, बिधनोई गांव के संदीप इसी मार्ग पर कहीं जा रहे थे तो उसे सड़क पर सूटकेस पड़ा मिला। उसे वह घर ले आए और उसमें गहने देखकर गांव के लोगों को सूचना दी। गांव के लोगों की बीच इस बात की पहले से ही चर्चा थी।



**बहल।** आभूषण से भरा सूटकेस लौटाते हुए डॉ. संदीप।

#### युवक का सम्मान करेंगे

बिधनोई गांव के लोगों ने हरियावास व बरालू गांव के लोगों को इसकी सूचना दी व अपना सूटकेस ले जाने के लिए कहा। वीरवार को दोनों गांवों के करीब 20 से ज्यादा लोग बिधनोई आए और संदीप की प्रशंसा करते हुए उसे इनाम की पेशकश की। संदीप ने किसी तरह का इनाम लेने से इंकार कर दिया। डॉ. संदीप गांव में ही पशु चिकित्सा के पेशे से जुड़े हैं। बिधनोई ग्राम पंचायत ने निर्णय लिया कि संदीप को किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।



स्पेशल: वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे, 26 नवंबर

बच्चो, हमें स्वस्थ रहने के लिए हमारे पर्यावरण का स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। पर्यावरण यानी एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने के लिए सिर्फ बड़े ही नहीं बच्चे भी प्रयास कर सकते हैं। बच्चे कुछ सावधानियां बरतकर, कुछ छोटे-छोटे काम करके एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं, जानो।

# छोटे-छोटे प्रयासों से बनो एन्वॉयर्नमेंट वॉरियर

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, आज दुनियाभर में बड़ों की सबसे बड़ी चिंता है, तुम्हारे लिए यानी नई पीढ़ी के लिए धरती को हरा-भरा रखने की। पानी बचाने के साथ ही साफ-सफाई और हवा को शुद्ध रखने के लिए भी दुनिया के हर कोने में लोग चिंतित हैं। 'वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे' इस फ्रंट पर अवेयरनेस लाने का दिन है। बच्चो, पर्यावरण को सहेजने की इस मुहिम में तुम भी अपनी भागीदारी निभा सकते हो। बहुत से छोटे-छोटे काम करते हुए एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने वाले वॉरियर बन सकते हो।



**अपनाओ ईको-कॉन्शस हैबिट्स:** बच्चो, ईको-कॉन्शस हैबिट्स पर्यावरण सहेजने से जुड़ी अवेयरनेस वाली आदतें होती हैं। ऐसी आदतें अपनाकर अपनी लाइफस्टाइल को कुछ यूं ढाल लिया जाता है कि हवा, पानी, मिट्टी पर नकारात्मक असर ना हो। अच्छी बात यह है कि इसके लिए अपने डेली रुटीन में कोई बड़ा बदलाव करने की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम उठाते हुए भी एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में अपनी भागीदारी निभाई जा सकती है। जैसे अपनी सोसाइटी या कॉलोनी में ईको ग्रुप बनाकर आस-पास पेड़-पौधे लगाना, बाहर नहीं तो घर में ही एक प्लांट की देखभाल करना, कचरा ना फैलाना, खाना जूठा ना छोड़ना, पानी बचाना आदि। ईको कॉन्शस हैबिट्स सीधे-सीधे हवा, पानी और मिट्टी को सहेजने और साफ रखने से जुड़ी हैं। इनसे ही तो हमारा पर्यावरण बना है।

**कचरा घटाओ-ऊर्जा बचाओ:** बच्चो, वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे पर कचरा घटाने और ऊर्जा बचाने पर विशेष बल दिया जाता है। कचरा कम करना यानी कि स्वच्छ परिवेश और रिसोर्सेज का किफायती इस्तेमाल। वहीं ऊर्जा बचाना यानी बिजली, गैस या ऑयल का सोच-समझकर उपयोग करना। इसके लिए जब इस्तेमाल ना हो रहे हों तो लाइट, पंखे, टीवी और अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस को ऑफ करना ना भूलो। बच्चो, किसी भी तरह की एनर्जी प्रोडक्शन के लिए नेचुरल रिसोर्सेज ही यूज किए जाते हैं।

**अपनाओ 'थ्री आर' रूल:** बच्चो, पढ़ाई-लिखाई के साथ ही अपने आर्ट एंड क्राफ्ट को भी ईको फ्रेंडली बनाओ। पुराने पेपर्स के साथ भी अपनी कलाकारी दिखाओ। अपनी आर्ट बुक का कोई पेज खराब ना होने दो। इसके लिए 'थ्री आर' रूल अपनाओ। थ्री आर यानी-रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल। मतलब, कागज का कम इस्तेमाल, जितना संभव हो पेपर को दोबारा किसी न किसी काम में लेना और यहां-यहां फेंकने के बजाय इन्हें उचित ढंग से रिसाइकिल करने के लिए भेजना। ऐसा करने से हमारे आस-पास साफ-सफाई रहेगी और प्रदूषण कम होगा। साथ ही धरती की हरियाली भी कायम रहेगी।



**चुनो ईको फ्रेंडली सवारी:** गाड़ियों से निकलने वाला गरम जहरीला धुआं। डीजल, पेट्रोल, गैस की बढ़ती खपत और इन गाड़ियों से निकलने वाला शोर पर्यावरण को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। बच्चो, यह कितना अजीब है न कि सुबह-शाम पार्क में दौड़ लगाने वाले लोग थोड़ी दूर भी पैदल नहीं चलते। आस-पास जाने के लिए भी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। तुम तो अभी से ही हेल्थ और एन्वॉयर्नमेंट बिगाड़ने वाली इस आदत से दूर रहो। यूं भी तुम्हारे लिए तो साइकिल सबसे प्यारी सवारी है। आस-पास की किसी शॉप, फ्रेंड के घर, स्कूल या पार्क में खेलने साइकिल से जाओ। साइकिल चलाने से ना तो प्रदूषण होता है और न ही इसमें कोई फ्यूल यूज होता है। साइकिल से तो नॉइज पॉल्यूशन भी नहीं होता। हमारे लिए ईको फ्रेंडली सवारी का चुनाव हर तरह से अच्छा ही होता है। आज के समय में तो साइक्लिंग फिटनेस की एक जरूरी एक्टिविटी भी है। साइक्लिंग के अलावा, पैदल चलना, लिफ्ट के बजाय सीढ़ी चढ़ना जैसी आदतें भी नेचर को बचाने में मददगार बनती हैं। *

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

## पर्यावरण



आओ बच्चो प्यारे बच्चो!
पर्यावरण को साफ बनाएं।
हर जन को जाग्रत कर दें,
पॉलीथीन को दूर भगाएं।।
नदी ताल और नालों में,
मच्छर कभी पनप न पाएं।
बंजर भू में मेहनत करके,
नए पौध की रेल उगाएं।।
गमलों में बोनसाई बोकर,
बंगला फ्लैट सभी सजाएं।
जल और वायु जीवन अपना,
हर जन तक संदेश पहुंचाएं।।
खूब उगाकर पेड़ जहां में,
मौसम का संतुलन बनाएं।
करें दोस्ती प्रकृति से फिर
पर्यावरण सुंदर बनाएं।।

मम्मी जब नोटबुक के बचे पेजों को इस्तेमाल करने लगीं तो ऋषभ ने उन्हें नई नोटबुक देनी चाही, लेकिन मम्मी ने लेने से मना कर दिया। इसके पीछे उन्होंने जो वजह बताई, सुनकर ऋषभ चौंका। मम्मी ने जो बताया, बच्चो इसकी जानकारी तुम्हें भी होनी चाहिए।

# पेड़ और कागज



नॉलेज टॉक
पूजा भारद्वाज

'मम्मी आप मेरी पुरानी नोटबुक में कहानी क्यों लिख रही हैं? मैं दूसरी ले आता हूं, मेरे पास रखी हैं नई नोटबुक्स।' आठ साल का ऋषभ अपनी मम्मी को पुरानी नोटबुक में लिखते देखकर बोला।

'नहीं बेटा, मुझे नई नोटबुक नहीं चाहिए। इसी में लिखूंगी मैं।' मम्मी ने नई नोटबुक लेने से इंकार कर दिया। 'लेकिन मम्मी यह तो भरी हुई है।' ऋषभ बोला। 'भरी कहां है? पूरे ग्यारह पेज खाली हैं इसमें। इतने बहुत हैं मेरे लिए।' मम्मी ने नोटबुक के खाली पन्ने दिखाए। ऋषभ बोला, 'लेकिन मम्मी वो बीच-बीच में छोड़े गए पेज हैं।' 'हां तो क्या हुआ, हैं तो पेज ही। लिखने के काम ही आने हैं।' कहकर मम्मी हंसीं। 'लेकिन मम्मी आप ऐसे बचे हुए पन्नों पर क्यों लिख रही हैं?' ऋषभ ने पूछा। 'कुछ पेड़ बचाने के लिए।' मम्मी ने तुरंत जवाब दिया। मम्मी की इस बात पर ऋषभ चौंका, 'पेड़.. वो कैसे बचेंगे?' मम्मी ने नोटबुक एक ओर रखकर उसे अपने पास बैठाया और प्यार से बोलीं, 'तुम्हें मालूम है ये पेज किससे बनते हैं?' ऋषभ ने ना में सिर हिला दिया। 'यह बनते हैं लुगदी से, और लुगदी बनाई जाती है पेड़ की छाल से। कागज का निर्माण पूरी तरह से पेड़-पौधों पर निर्भर होता है, क्योंकि कागज बनाने के लिए कच्चे माल हेतु लकड़ी की लुगदी, कपड़े का टुकड़ा, गेंहू की पुआल या भूसे का प्रयोग किया जाता है।' मम्मी ने पूरी जानकारी दी।

'परंतु पेड़ से ही क्यों बनाते हैं कागज?' ऋषभ ने उत्सुकता से पूछा। 'क्योंकि कागज बनता है सेल्यूलोज से। यह एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जो पेड़ की लकड़ी में पाया जाता है।' मम्मी ने जानकारी दी।

'अच्छा..!' ऋषभ को बात समझ में आ रही थी। मम्मी ने आगे भी बताया, 'और हां, कागज सभी पेड़ों से नहीं बनता है। इसे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले पेड़ हैं- चीड़, मैपल, ओक, सनोबर, बुर्ज, हेमलोक और लार्च आदि। क्योंकि इनकी लकड़ी में सेल्यूलोज अच्छी मात्रा में होता है। एक पेड़ से लगभग 8333 पेज बनते हैं। इस तरह केवल कागज के लिए हर साल दुनिया में चार से आठ अरब पेड़ काटे जाते हैं यानी, हर दिन अमूमन अस्सी हजार पेड़ कटते हैं, तुम्हारी इन कॉपी-किताबों को बनाने के लिए। इसलिए हमें कभी भी कागज को बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसका जितना हो सके उतना अधिकतम उपयोग करके ही रद्दी में डालना चाहिए और यह बात तुम्हें भी याद रखनी होगी, क्योंकि मैं अकसर देखती हूं, तुम्हारी कॉपियों में बहुत से खाली पेज रहते हैं फिर भी तुम उन्हें रद्दी में फेंक देते हो। यह बहुत गलत बात है बेटा। फालतू में कागज कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए, क्योंकि पुराने कागजों से दोबारा नया कागज बन सकता है। कॉपी-किताबों को हम जितना बचाएंगे, सही तरीके से उपभोग करेंगे तो कुछ पेड़ों को बचाने में अपना योगदान दे सकेंगे। अब समझे मेरा बचे पन्नों पर लिखने का मतलब?' 'हां मम्मी, बिल्कुल समझ गया।' ऋषभ मुस्कराते हुए बोला। 'तो करो प्रॉमिस कि आगे से एक-एक कागज का मोल समझोगे और इन्हें कभी बर्बाद नहीं करोगे।' मम्मी ने प्रॉमिस के लिए आगे हाथ बढ़ाया।



एआई इमेज

ऋषभ ने भी मजबूती से अपना हाथ वादा निभाने के लिए मम्मी के हाथ में थमा दिया और दोनों जोर से हंस पड़े। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## हंसाते-गुदगुदाते बाल गीत

बच्चो, तुम्हें ऐसे बालगीत मिल जाएं, जो गुनगुनाने के साथ हंसाएं भी तो तुम्हें जरूर मजा आएगा। ऐसे ही बालगीतों का एक नया संग्रह आया है 'नानी जी की मोरनी।' इसके रचयिता हैं शिवचरण चौहान। इस संग्रह में 26 बालगीत संकलित हैं। संग्रह के सभी बालगीत तुम्हें हंसाएंगे-गुदगुदाएंगे। इनकी राइमिंग इतनी बेहतरीन है कि इन बाल गीतों को पढ़ते हुए तुम इन्हें गाने से खुद को रोक नहीं पाओगे। बच्चो, इस संग्रह में शामिल बाल गीतों में तुमको विषयों की विविधता भी मिलेगी। इस कारण इन्हें पढ़ते हुए रोचकता बनी रहेगी। 'नानी जी की मोरनी', 'चाचा और मामा', 'बागड़ बिल्ला', 'बर्फी या रसगुल्ला' जैसे कई बाल गीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे।




'दाऊ और कन्हैया' और 'मूषक और गणेश' पढ़ते हुए तुम्हें 'लिटिल कृष्णा' और 'बाल गणेशा' याद आएंगे। संग्रह में तुम्हारे फेवरेट कॉमिक कैरेक्टर 'चाचा चौधरी' पर भी एक बालगीत मिलेगा, जिसका शीर्षक है, 'मूंछों वाले चाचा।'


बच्चो, इस किताब में ज्यादातर बाल गीतों के साथ मोहक चित्र भी हैं, जो संग्रह की सुंदरता को और बढ़ाते हैं। *

**किताब:** नानी जी की मोरनी (बाल गीत संग्रह), **लेखक:** शिवचरण चौहान, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** रवीना प्रकाशन, दिल्ली

ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों इस बात से दुखी, चिंतित थीं कि असुरक्षित पर्यावरण के कारण तीनों का अस्तित्व खतरे में है। तभी तीनों ने पृथ्वी पर बच्चों को कुछ ऐसा करते देखा कि उनके भीतर नई उम्मीदें जागीं। ठंडी, गर्मी और बारिश ने बच्चों को ऐसा क्या करते देखा

# उम्मीद अभी बाकी है





कहानी
उपासना बेहार

ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों सखियां मजे से साथ-साथ रहती थीं। इनको चार-चार माह काम पर जाना पड़ता था। तीनों सखी अपने काम को बखूबी निभा रही थीं। जिसका जब समय आता, वह अपने निर्धारित महीने काम पर चली जाती। लेकिन पिछले कुछ सालों से इनके काम पर जाने के समय में गड़बड़ी होने लगी है। गर्मी को ज्यादा समय काम करना पड़ रहा है, जबकि बारिश और ठंड के काम का समय कम हो गया है। कभी-कभी तो यह होता है कि बारिश बेसमय ठंड के और गर्मी के घर जाकर गिर पड़ती है। तीनों इस बदलती हुई परिस्थिति को देख हैरान हैं।

एक दिन ठंड ने गर्मी से कहा, ' सखी, तुम भाग्यशाली हो अब तुम्हारा समय ज्यादा हो गया, लेकिन मेरा और बारिश का समय घट गया है, हमारे समय को भी तुम लेती जा रही हो।' गर्मी गंभीर होकर बोली, 'तुम्हें क्या पता, मैं इस आग उगलते मौसम में कैसे रहती हूं, पूरी झुलस जाती हूं। मैं तो बिल्कुल नहीं चाहती कि ज्यादा समय रहूं, लेकिन इन इंसानों ने अपने स्वार्थ के चलते धरती से बेहिसाब पेड़-पौधे काट डाले हैं। अब भी रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेड़-पौधों के बिना तो हम तीनों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यही स्थिति रही तो एक दिन यह पृथ्वी भी नहीं रहेगी।' बारिश बहुत देर से इन दोनों की बातें सुन रही थी, उसके आंख में आंसू आ गए, वह बोली, 'आप दोनों सही बोल रही हैं, पृथ्वी विनाश की और बढ़ रही है। इंसान अपनी विलासिता पर ही केवल ध्यान दे रहा है। पहले पेड़-पौधों को काटकर गर्मी बढ़ा ली। अब गर्मी से बचने के लिए एसी लगा कर वातावरण को और गर्म कर रहे हैं। वो यही नहीं रुके हैं, अब तो शक्तिशाली बम बना रहे हैं, इसका उपयोग कर रहे हैं। इससे भी वातावरण प्रदूषित होता है।' गर्मी दुखी होकर बोली, 'अब कोई आस नहीं बची है, जिस दिशा में इंसान जा रहा है, वो समय ज्यादा दूर नहीं है, जब हम धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे और यह दुनिया भी।'

तीनों सहेलियां अपने आपको असहाय महसूस कर रही थीं। तभी ठंड ने कहा, 'देखो सखी, वो है हमारी उम्मीद की किरण।' गर्मी और बारिश ने उस तरफ देखा। धरती पर बहुत सारे बच्चे पेड़ लगा रहे थे। बारिश ने खुश होकर कहा, 'मैं जाकर उनकी मदद करती हूं। थोड़ा पानी दे देती हूं, जिससे पेड़ अपनी जड़ मिट्टी में जमा लेंगे।' यह कहकर वह बरसने चली गई।

गर्मी भी बोली, 'चलो मैं थोड़ा ताप कम कर देती हूं, जिससे बच्चे आराम से पेड़ लगा सकें।' यह बोलते हुए गर्मी भी चली गई।

ठंड कैसे पीछे रहती उसने सोचा, 'मैं भी हल्की-हल्की हवा चला कर उन बच्चों को प्यार करती हूं।' तीनों सहेलियां नए सिरे से उत्साह से भर गईं। *

कविता
नरेंद्र सिंह नीहार



## सर्दी की आहट


चुपके-चुपके हौले-हौले,
माह नवंबर खिड़की खोले,
सर्दी के मौसम की आहट,
बाबू जी अम्मा से बोले।
ठंडी हवा पहाड़ों वाली,
मानो बजा रही हो थाली।
स्वेटर मौजे टोपी पहनो,
आई सर्दी कंबल वाली।
सुबह देर से आता सूरज,
सबके मन को भाता सूरज।
जल्दी-जल्दी शाम ढले,
घर को अपने जाता सूरज।
थोड़ी गर्मी थोड़ी सर्दी,
नरम धूप की उजली वर्दी।
दिन भी लगते सरस सुहावन,
खान-पान में मौजा कर दी।
सेहतमंद है सरसों-पालक,
गाजर, मूली खाते बालक।
गजक, रेवड़ी, मूंगफली,
भर-भर जेबें लाते बालक।।

## हंसगुल्ले



**पिंकी** : अगर नदी में नीबू का पेड़ लगा है तो तुम नदी में जाकर नीबू कैसे तोड़ोगी?
**मिंकी** : चिड़िया बनके।
**पिंकी** : तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**मिंकी** : वही जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया है।
-आशीष, रायपुर

**राजू** : मम्मी, मुझे कुछ ऐसी चीज खाने को दो, जो कभी खत्म ही न हो।
**मम्मी** : ये ले बेटा, च्युइंगम खा।
-शोभित, रोहतक



छोटी कहानी
सिराज अहमद

## फूल, तितली और चींटी



एक बगीचे में एक सुंदर फूल खिला हुआ था। सुबह की धूप में जब तितली वहां आकर बैठी तो फूल मुस्कुरा उठा। लेकिन उसी फूल पर पहले से एक चींटी आराम से लेटी हुई थी। तितली के बैठते ही फूल हल्का-हल्का हिलने लगा, जिससे चींटी की नींद टूट गई। उसे यह अच्छा नहीं लगा। वह गुस्से से बोली, 'तुम किसी और फूल पर जाकर बैठो, यह मेरी जगह है!'

तितली ने जवाब दिया, 'फूल सबके लिए है, तुम्हारे अकेले का नहीं।' इस बात को लेकर दोनों में थोड़ी कहा-सुनी हो गई।

यह देखकर फूल ने धीरे से बोला, 'जब मुझे तुम दोनों के साथ बैठने पर कोई आपत्ति नहीं, तो तुम्हें क्यों है?'

फूल की बात सुनकर चींटी को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने तितली से माफी मांगी। अब दोनों फूल पर साथ बैठ गईं। हवा चली तो फूल झूले-सा झूलने लगा। और दोनों मुस्कुराते हुए उसमें झूलने लगीं। *

## जीके क्विज-180

1. हाल ही में साल 2025 का बुकर लिटरेचर प्राइज किस लेखक को प्रदान किया गया?
2. इन दिनों अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. बिहार के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
4. यूनेस्को के रचनात्मक शहर नेटवर्क में शामिल होने वाला भारत का 9वां शहर कौन-सा है?
5. भारत में रेलवे नेटवर्क की शुरुआत का श्रेय किस ब्रिटिश गवर्नर जनरल को जाता है?
6. 'हितोपदेश' के लेखक कौन हैं?
7. रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) नामक बीमारी किस विटामिन की कमी से होती है?
8. पृथ्वी के सबसे निकट का तारा कौन-सा है?
9. मणिपुर की राजधानी कहां है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य का प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है?




बच्चो, जीके क्विज-180 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-179 का उत्तर:** 1.शेफाली वर्मा, 2.नरेंद्र मोदी, 3.छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन, 4. 20 नवंबर, 5. 14 नवंबर, 6.ऊंट, 7.बिहार, 8.शतरंज, 9.कोलंबो, 10.देवेंद्र फडणवीस

**जीके क्विज-179 का सही उत्तर देने वाले:** दित्या-रायपुर, कबीर-हिसार, मन्नत-कैथल, शरद-रायगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, प्रवीण-रायगढ़, अनूप-रायगढ़, आयुष-ईमेल से, कनक-बिलासपुर, अमन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, पूनम-बालोद

## अंतर बताओ


बच्चो, पर्यावरण स्वच्छ रहे, इसके लिए सबसे पहले हम अपने घर को साफ-सुथरा रखें। यहां अपने घर की सफाई कर रही लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये आठों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी आठ अंतर खोजो।



उत्तर: 1. लड़की के बालों में पोनी टेल की बनावट अलग बनाया हुआ है। 2.लड़की के हेयर-बैंड में फूल बना हुए हैं। 3.लड़की टी-शर्ट पर बनी हार्ट की डिजाइन गायब है। 4.लड़की के जो ड्रेस पहना है, उसमें पॉकेट बना हुआ है। 5.लड़की ट्राउजर का कलर डिफरेंट है। 6.वैक्यूम क्लीनर पर अलग डिजाइन बनी हुई है। 7.वैक्यूम क्लीनर पर इंडिकेटर/पॉकेट अलग दिख रहा है। 8.पाइप वाले हिस्से के ऊपर एक अलग बटन बना हुआ है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, दिए गए चित्र में कुछ लिटिल एनिमल्स अपनी मां से बिछड़ गए हैं। इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम इन्हें इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता बताकर इनकी मदद तो करो जरा।



# हरियाणा में मिशन बुनियाद और सुपर-100 के रजिस्ट्रेशन की शुरुआत
# विद्यार्थियों को मिलेगा बड़ा मंच, आत्मविश्वास व सफलता की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा शिक्षा विभाग ने पूरे प्रदेश में मिशन बुनियाद व हरियाणा सुपर-100 कार्यक्रमों के ब्लॉक और स्कूल स्तर पर जागरूकता अभियान की शुरूआत कर दी है। विभाग का उद्देश्य है कि कक्षा आठवीं व 10वीं के प्रत्येक विद्यार्थी तक इन दोनों योजनाओं की पूरी जानकारी पहुंचे और वे समय पर अपने रजिस्ट्रेशन करवा सकें। शिक्षा विभाग के अनुसार इन दोनों कार्यक्रमों ने पिछले वर्षों में हजारों बच्चों का भविष्य संवारा है। कई विद्यार्थी आईआईटी, मेडिकल व अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में पहुंचकर प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। सरकारी स्कूलों में इन पहलों से सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास का माहौल बना है। विभाग अब नये बैच की शुरूआत कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के बच्चे बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए सही दिशा, अवसर व माहौल मिले। 13 नवंबर को राज्यभर में एबीआरसी व बीआरपी की महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई, जिनमें स्कूल विजिट, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और विद्यार्थियों तक पहुंच की रणनीति पर चर्चा हुई। उनको निर्देश दिए गए हैं कि वे हर स्कूल में जाकर विद्यार्थियों को जागरूकता वीडियो दिखाए, उन्हें योजना के चारे में सरल भाषा में समझाएं और वहीं पर रजिस्ट्रेशन करवाएं। बैठक में यह भी तय किया गया कि पिछली कक्षा में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य रहेगा, जबकि इच्छुक अन्य विद्यार्थी भी इसमें शामिल हो सकेंगे। जिले में 22 नवंबर को अटेली ब्लॉक, 24 नवंबर को नांगल चौधरी, पांच दिसंबर को कनीना, आठ दिसंबर को नारनौल व 10 दिसंबर को महेंद्रगढ़ ब्लॉक में जागरूकता कार्यक्रम होंगे।

### यह रहेगा शेड्यूल

मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्तरीय जागरूकता व पंजीकरण अभियान 13 नवंबर से प्रदेशभर में शुरू हो चुका है। इस अभियान का उद्देश्य कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को योजना की जानकारी देना और उन्हें समय पर पंजीकरण के लिए प्रेरित करना है। इसके बाद रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 16 दिसंबर तक चलेगी। इसके पश्चात विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा के विभिन्न चरणों से गुजरना होगा। कार्यक्रम के तहत 17 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा स्तर-1 के लिए एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे, जबकि 24 दिसंबर 2025 को स्तर-1 की परीक्षा आयोजित होगी। इस परीक्षा का परिणाम 20 जनवरी 2026 को घोषित किया जाएगा और उसी दिन स्तर-2 परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड भी डाउनलोड किए जा सकेंगे।

### डीईओ ने कहा

जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि मिशन बुनियाद व हरियाणा सुपर-100 योजना से सरकारी स्कूलों के हजारों विद्यार्थियों को मजबूत शैक्षणिक आधार मिला है। इस वर्ष विभाग का लक्ष्य है कि हर पात्र विद्यार्थी तक यह योजना पहुंचे और कोई भी मेधावी बच्चा अवसर से वंचित न रहे। विद्यालय स्तरीय पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### सुपर-100 का यह रहेगा शेड्यूल

हरियाणा सुपर-100 योजना के नये सत्र के लिए पंजीकरण प्रक्रिया की शुरूआत 13 नवंबर से कर दी है। इस बार पंजीकरण प्रक्रिया नौ फरवरी 2026 तक चलेगी। इच्छुक विद्यार्थी अपने विद्यालय के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। प्रवेश पत्र छह फरवरी 2026 से डाउनलोड किए जा सकेंगे, जबकि 11 फरवरी 2026 को प्रवेश परीक्षा स्तर-1 का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद स्तर-1 परीक्षा का परिणाम 15 मार्च 2026 को घोषित किया जाएगा। इसके पश्चात स्तर-2 की प्रवेश परीक्षा दो अप्रैल 2026 को आयोजित होगी और इसका परिणाम 30 अप्रैल 2026 को घोषित किया जाएगा।

### यह है बुनियाद कार्यक्रम

मिशन बुनियाद के अंतर्गत नौवीं व 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य बच्चों के बीच में एक स्वतंत्र, सकारात्मक और प्रतिस्पर्धी भावना बढ़ाना है, जिससे कि वह अपने आगामी जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। जिले में चार मिशन बुनियाद सेंटर राजकीय स्कूलों में चल रहे हैं। सरकारी स्कूल में पढ़ रहे बच्चो की बुनियादी शिक्षा को और मजबूत करने के लिए बुनियाद योजना का शुभारंभ वर्ष 2022 में हरियाणा सरकार एवं शिक्षा विभाग की ओर से किया गया। बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क वर्दी, पाठ्यपुस्तकें, टैबलेट एवम बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता दिया जाता है।

### सुपर-100 कार्यक्रम

शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2018 में शुरू किए गए सुपर-100 कार्यकर्म का उद्देश्य 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों को आईआईटी और मेडिकल की निशुल्क कोचिंग प्रदान करना है। इस कार्यक्रम ने पिछले वर्षों में अनेक छात्रों को आईआईटी, एनआईटी व सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त करवाई है। सुपर 100 कार्यक्रम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क परीक्षा तैयारी करने का मौका मिलता है। सुपर 100 में चयनित बच्चों को विकल्प फाउंडेशन की ओर से आवासीय कोचिंग दी जाएगी। विद्यार्थियों को रहने और खाने की सुविधा भी शिक्षा विभाग की तरफ से मुहैया करवाई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष 22 को करेंगे सम्मेलन

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला 22 नवंबर सुबह 11 बजे नारनौल पहुंचेंगे। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने दी। डॉ. चौटाला सिंघाना रोड स्थित जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। राजकुमार खातोद ने बताया कि पार्टी का आठवां स्थापना दिवस सात को जुलाना में राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा।

### कांग्रेस के पास कार्यकर्ता नहीं : राकेश शर्मा

**नारनौल।** हरियाणा में वोट चोरी को लेकर कांग्रेस की ओर से लगाए गए आरोपों पर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा ने प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव परिणाम संगठन की मजबूती से आते हैं, न की आरोप प्रत्यारोप से। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस इसलिए शोर मचा रही है, क्योंकि उनके पास ग्राउंड पर बूथ लेवल के कार्यकर्ता ही नहीं है।

### यादव धर्मशाला में मुक्केबाजी ट्रायल आज

**महेंद्रगढ़।** जिला स्तरीय मुक्केबाजी ट्रायल 21 नवंबर को यादव धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। बॉक्सिंग कोच महीपाल यादव व उत्तम सिंह ने बताया कि यादव धर्मशाला में जिला महेंद्रगढ़ मुक्केबाजी ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का वजन व मेडिकल प्रातः नौ से 10 बजे तक किया जाएगा तथा मुकाबले दोपहर 12 बजे होंगे, जिसमें केवल जनवरी 1985 से दिसंबर 2006 के बीच जन्में खिलाड़ी (पुरुष) पात्र हैं।

### माता की पुण्यतिथि पर लगाई सवामणी

**महेंद्रगढ़।** श्री गोशाला आश्रम धौलपोश में पिस्ता देवी पत्नी स्वर्गीय नथूराम भारद्वाज उन्हाणी की पुण्यतिथि पर उसके पुत्रों ने श्री गोशाला आश्रम धौलपोश में स्वामणी कड़ाही व गौ माता को गुड़ खिलाकर एक लाख रुपये का दान गौ सेवा के लिए दिया तथा गौशाला के 35 कर्मचारियों को मिठाई का डिब्बा व 100 रुपये देकर सम्मानित किया। रिटायर्ड प्रिंसिपल कमलेश भारद्वाज, बागेश्वरी शिक्षा के संस्थापक नरेंद्र भारद्वाज, एडीजे पन्ना मध्य प्रदेश के एडीजे रूपेश भारद्वाज ने बताया कि हिंदू धर्म में गाय को माता का स्थान है।

### स्वास्थ्य मंत्री एवं सहकारिता मंत्री के सामने भी रखी जा चुकी समस्या

# लंबे समय से टूटे महेंद्रगढ़-कनीना स्टेट हाईवे पर रोड सेफ्टी के दावे खोखले

- नहरी पुलिया के लीकेज साइफन से नहीं मिली मुक्ति
- उन्हाणी गांव के समीप रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन से गड्ढे बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना



कनीना। उन्हाणी के समीप लीकेज साइफन से खंडित सड़क।

कनीना-महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे नंबर 24 पर उन्हाणी गांव के समीप रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन से सड़क में गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जहां पर बीते जून माह में घटित हुए सड़क हादसे में गुरुग्राम के चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। नहर विभाग एवं लोक निर्माण के अधिकारियों ने टूटे रोड के दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनवाकर इतिश्री कर ली थी। क्षेत्रवासियों ने दुर्घटनाओं पर विराम लगाने के लिए लीकेज साइफन को ठीक करने तथा सड़क को दुरुस्त करवाने की मांग को लेकर प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के सामने में समस्या रखी। जिस पर उन्होंने जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया था, जो आज भी महज आश्वासन ही बना हुआ है। फिलहाल तक यहां पर हालात बेकाबू बने हुए हैं। सर्दी में धुंध व कोहरे के समय विजिबिलिटी बहुत कम होने के चलते, यहां पर सड़क हादसों की संभावना बनी हुई है।

रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन के कारण लोक निर्माण विभाग बनाई गई करीब दो सौ मीटर तक सड़क में गड्ढे बन गए है। यहां पर लगी सीसी टाइलों के बीच पानी खड़ा है। इस स्थान पर अनेक सड़क हादसे घटित हो चुके हैं। समझा जाता है कि यहां पर सरकार के दो विभागों का पेंच फंसा हुआ है। नहर विभाग के अधिकारी लीकेज साइफन को दुरूस्त नहीं कर रहे हैं, तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़क निर्माण करना दूर पैचवर्क भी नहीं कर रहे हैं। जिससे हालात और अधिक बिगड़ते जा रहे हैं। दोनों विभाग के अधिकारी किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं।

### कनीना-नारनौल मार्ग भी टूटा

इसी प्रकार कनीना-नारनौल वाया सिहमा दौंगड़ा मार्ग पर नांगल मोहनपुर के समीप सड़क पर निकासी का गंदा पानी जमा होने से सड़क टूट चुकी है। जहां हादसा घटित होने की प्रबल संभावना है। ग्रामीणों तथा वाहन चालकों ने सड़क निर्माण की मांग की है।

### नहर विभाग नहीं कर रहा समाधान

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन अश्विनी कुमार ने बताया कि नहर विभाग की ओर से लीकेज साइफन का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे बनी बनाई सड़क बार-बार टूट रही है। उनकी ओर से टूटी सड़क का समय-समय पर पैच वर्क कराया गया है। पैचवर्क के लिए नहर विभाग से राशि की मांग को लेकर पत्र लिखा गया है। नहर विभाग के अधिकारियों के मोबाइल पर घंटी घनघनाती रही, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं दिया गया।

### गुढ़ा को लिंक करने वाली सड़क भी खराब

कमोबेश ऐसे ही हालात गुढ़ा गांव को लिंक करने वाले रोड की हैं। जिसके लंबे समय से टूटा होने के कारण सड़क हादसों को बढ़ावा मिल रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इसकी जल्द ही स्पेशल रिपेयर की बात कह रहे हैं, लेकिन अभी वे सड़क दुर्घटना के इंतजार में है। बता दें कि रेलवे क्रॉसिंग फाटक गुढ़ा से बस स्टैंड जाने वाले 12 फुट चौड़ा मार्ग की साइडें कटने प उसमें गड्ढे बनने से वाहन चालक बेहद परेशान हैं।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा स्कूल के एमडी निसा इंटरनेशनल एजुकेशन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित



**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के एमडी डॉ. हितेश वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान, दूरदृष्टि, नवाचारपूर्ण नेतृत्व और निरंतर समर्पित सेवा के लिए निसा इंटरनेशनल एजुकेशन आइकॉन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। डॉ. वर्मा को यह सम्मान शिक्षा को बेहतर बनाने में उनकी अग्रणी भूमिका और शिक्षा प्रणाली में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल एलायंस की ओर से आयोजित अंतर राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया।

### बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में साइंस ड्रामा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में विज्ञान शिक्षा को मनोरंजक और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से साइंस ड्रामा का आयोजन किया गया। कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को नाटक के माध्यम से सरल और आकर्षक रूप में पेश किया। पूरे विद्यालय में सुबह से ही उत्साह और वैज्ञानिक जिज्ञासा का अद्भुत माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत सौर ऊर्जा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने नाटकीय शैली में बताया कि सूर्य ऊर्जा किस प्रकार भविष्य का सबसे सुरक्षित और स्वच्छ ऊर्जा स्रोत है। इसके बाद जल संरक्षण पर आधारित ड्रामा ने दर्शकों को जल संकट, वर्षा जल संचयन और जल बचत के महत्व से अवगत कराया। बच्चों की अभिव्यक्ति इतनी प्रभावशाली रही कि दर्शक कई बार तालियों से सभागार गूंजाते रहे।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (51 से 100)

❖ पंजाब सिंह सुपुत्र स्व. श्री लहरी सिंह, म. नं. 1337, अर्बन स्टेट, जीन्द ❖ हंस राज चुघ सुपुत्र श्री चम्बा राम, म. नं. 318/3, हकीकत नगर, रेलवे रोड, जीन्द ❖ वजीर सिंह सुपुत्र श्री भले राम, गांव बरसाना, खुंगा कोठी, जीन्द ❖ रचित एवं देव सुपुत्र श्री दीपक, एम्प्लॉयी कॉलोनी, गोहाना बाई पास, जीन्द ❖ सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री अजित सिंह, गुलमोहर सिटी, ई-507, कैथल ❖ राम सिंह सुपुत्र श्री नेकी राम, बालू बिडन पट्टी, कलायत, कैथल ❖ देवांशी सुपुत्री श्री गोपाल कृष्ण, कुलवन्त नगर, वार्ड नं. 14, कलायत, कैथल ❖ कशमीरी लाल सुपुत्र श्री काशी राम म. नं. 562/14, आदर्श नगर, कैथल ❖ राममेहर सुपुत्र श्री ज्ञानी राम, गांव व डा. रामराये, जीन्द ❖ मनीष सिंह सुपुत्र श्री दौलत सिंह, गांव न्यौला, झज्जर ❖ जय सिंह सुपुत्र श्री रामचन्द्र, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ बाल किशन सुपुत्र श्री सोनीराम, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ लक्षिता सुपुत्री श्री कवंर सिंह, गांव जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामसिंह गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जगदेव सिंह सुपुत्र श्री सिंह राम, ऋषि कॉलोनी झज्जर ❖ सुनील कुमार सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, बिरहड़, झज्जर ❖ राजेश कुमार सुपुत्र श्री सत्यपाल गांव लडायन, मातनहेल, झज्जर ❖ बलराम रोहिया सुपुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह रोहिया, बिरडू मातनहेल, झज्जर ❖ श्री सुरेश कुमार सुपुत्र श्री राममेहर, गांव खांडा, खरखौदा, सोनीपत ❖ महाबीर पुत्र श्री बाहल सिंह निवासी 605/25, आर्य नगर सोनीपत ❖ आयुष पुत्र श्री बिजेन्द्र निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जय नारायण, ओमेक्स सिटी, विला नं. 258, ब्लॉक-ए, सेक्टर-8 सोनीपत ❖ पवन कुमार सुपुत्री श्री ओमप्रकाश खत्री, भगत सिंह कॉलोनी, सोनीपत ❖ कृष्ण कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री ज्ञानी राम जांगड़ा, वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ जगमत सुपुत्र श्री जयपाल, गोच्छी, बेरी, झज्जर ❖ प्रेम सिंह सुपुत्र श्री नेता राम, बेरी, झज्जर ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं.देवी दत्त निवासी मकान नं.19/150, नई बस्ती, गली नं.1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ दयाराम पुत्र श्री कमलेश निवासी आर्य नगर, गली नं.2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ उमेश पुत्र श्री हवासिंह निवासी 12/410, सैनीपुरा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश शर्मा सुपुत्र श्री जगननाथ प्रसाद, रेलवे रोड, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ अमीर चन्द्र सुपुत्र श्री राधे श्याम, गीता कॉलोनी, वार्ड नं. 6, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ हरीराम टेलर सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव गुढ़ा केमथा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ नारंग लाल सुपुत्र श्री मनीराम, गांव मोहनपुर, नांगल, महेन्द्रगढ़ ❖ लव्या सुपुत्री श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनीता धर्मपत्नी श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ पुष्पा धर्मपत्नी श्री घनश्याम, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम धर्मपत्नी श्री छाजूराम नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ भरतराम प्रजापत सुपुत्र श्री भगवान दास गांव व डा. नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सरोज देवी बंसल धर्मपत्नी श्री रामकुमार बंसल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव शंकर शर्मा सुपुत्र श्री मंगतु रामजी शर्मा, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम भारद्वाज,नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ विवेक कुमार सुपुत्र श्री रतिराम, वार्ड नं. 4, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सतीश सुपुत्र श्री रतनलाल प्रजापत, गांव वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ अरूण कुमार सुपुत्र श्री कन्हैया लाल, पालतीमान, नजदीक गुरूद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ यश सुपुत्र श्री जोगेन्द्र, मन्नू नगर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ निरंजन लाल शर्मा सुपुत्र श्री गणेश लाल शर्मा, सेका, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव हरी चन्द्र अग्रवाल सुपुत्र श्री अमर चन्द्र, गुरुनानक पुरा नजदीक बड़ा गुरुद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यनारायण सुपुत्र श्री रामप्रसाद, गांव बजाड़, महेन्द्रगढ़।

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800


# सेवानिवृत्त हवलदार मनपाल यादव का आकस्मिक निधन

- अंतिम संस्कार पैतृक गांव सिसोठ में किया गया



स्वर्गीय मनपाल यादव

**महेंद्रगढ़।** सिसोठ निवासी माता भूरा भवानी मंदिर कमेटी सदस्य एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हवलदार मनपाल यादव पुत्र स्वर्गीय भगवान सिंह का बुधवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वीरवार को उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सिसोठ में किया गया। वे अपने पीछे अपनी पत्नी, बेटा-बेटी, पोता-पोती सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर प्रभु चरणों में विलीन हो गए। उनके दाह संस्कार में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

# टैलेंट सर्च प्रतियोगिता हुई, विजेता राज्य पर लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय माध्यमिक नसीबपुर में वीरवार को जिला स्तरीय टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ जिला परियोजना संयोजक डॉ. विश्वेश्वर कौशिक के निर्देशन में सहायक परियोजना संयोजक हरमेंद्र यादव ने किया। समग्र शिक्षा सागर शिक्षा के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में कक्षा छठी से आठवीं के फोक डांस, सोलो, थिएटर एकल, विजुअल आर्ट 2डी, 3डी, म्यूजिक सॉन्ग, क्लासिकल सोलो, कक्षा नौवीं से 12वीं में हरियाणवी ग्रुप डांस, हरियाणवी ग्रुप एकल, थिएटर प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा छठी से आठवीं में फोक डांस सालो में पीएम श्री स्कूल नांगल चौधरी की कृतिका पुत्री मनदीप सिंह ने प्रथम, द्वितीय भाविका पुत्री संदीप कुमार पीएम श्री स्कूल नांगल चौधरी, तीसरा स्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजावास की छात्रा साक्षी पुत्री अशोक कुमार ने प्राप्त किया। कक्षा सातवीं विजुअल आर्ट 2डी में तुषार पुत्र दिनेश चंद्र राजकीय उच्च विद्यालय, जितेंद्र कुमार राजकीय माध्यमिक विद्यालय पालड़ी पनियार विजुअल आर्ट 3डी में प्रथम, प्रतिज्ञा पुत्री कुंवर आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा म्यूजिक में थोक में कुमकुम पुत्री सुरेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजावास प्रथम रहा।

**गोष्ठी** | शिक्षक ट्रस्ट की ओर से पुरुष संवेदना, संघर्ष व सृजन विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

# संवेदनाओं, भावनाओं व रचनात्मकता का महत्वपूर्ण स्तंभ है पुरुषः डॉ. नीरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल





नारनौल। अंतर राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित गणमान्य लोग व मुख्य वक्ता डॉ. नीरज कर्णसिंह को स्मृति चिहन भेंट करते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवसको समर्पित करते हुए पुरुष संवेदना, संघर्ष व सृजन विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा व संयोजक ओशीन शुक्ला ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर पुरुषों की संवेदनाओं, उनके संघर्षों और समाज में उनके रचनात्मक योगदान पर न्यायोचित विमर्श स्थापित करने के उद्देश्य से यह आयोजन क्षेत्र में अपनी तरह का पहला व महत्वपूर्ण कार्यक्रम रहा। गोष्ठी में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रख्यात विद्वान प्रो. डॉ. नीरज कर्णसिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ट्रस्टी डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने अपनी काव्य रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का आयोजन बुधवार देर शाम प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट कार्यालय में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. नीरज कर्णसिंह ने कहा कि आधुनिक समाज में पुरुष की भूमिका निरंतर परिवर्तित हो रही है। आज पुरुष केवल पारंपरिक दायित्वों का वहनकर्ता नहीं, बल्कि संवेदनाओं, भावनाओं और रचनात्मकता का भी एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा कि पुरुष को अक्सर शक्ति के प्रतीक के रूप में देखा गया, लेकिन उसके भीतर छीपे भावनात्मक संसार और संघर्षों को कम ही समझा गया है। पुरुष विमर्श समाज में संतुलन और समरसता कायम करने का एक आवश्यक प्रयास है। उन्होंने कहा कि परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण के समग्र परिप्रेक्ष्य में पुरुष की संवेदनशील भूमिका को समझना और स्वीकारना आने वाली पीढ़ियों के लिए सकारात्मक सामाजिक आधार तैयार करेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि समाज में पुरुषों की भूमिका व उनके मनोभावों को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पुरुष भी संवेदनाओं, अपेक्षाओं, संघर्षों व जिम्मेदारियों से भरा एक सामान्य मनुष्य है। उसकी भावनाओं व मानसिक संसार पर भी उतना ही ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, जितना अन्य वर्गों पर दिया जाता है।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष दुलचंद शर्मा, सेवा भारती के जिला संयोजक देवदत्त शर्मा, ट्रस्टी नरोत्तम सोनी, दिनेश शर्मा, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के शाखा अध्यक्ष पवन यादव, भीमसेन शर्मा, शिक्षाविद राकेश शर्मा, विपिन शर्मा, दलजीत शास्त्री, डॉ. सतपाल, राजकुमार कोठारी, प्रेमप्रकाश शर्मा, राकेश चौहान आदि मौजूद थे।

### ट्रस्ट का महत्वपूर्ण कदम

पूर्व बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा एवं शिक्षाविद दलजीत शास्त्री ने कहा कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट का यह प्रयास समाज में संतुलित दृष्टिकोण, मानवीयता, न्यायोचित विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए एक छोटा, लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। संयोजक ओशीन शुक्ला व पर्यावरणविद के के शर्मा एडवोकेट ने बताया कि गोष्ठी का मूल उद्देश्य पुरुषत्व की पारंपरिक परिभाषाओं से आगे बढ़कर उसे संवेदना, संघर्ष, सृजन और उत्तरदायित्व के आधुनिक आयामों में समझना है। ट्रस्ट ने क्षेत्र के शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, कवियों, लेखकों, युवाओं और समाजसेवियों से इस सार्थक आयोजन में सहभागिता का आह्वान किया। डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज व भीमसेन शर्मा ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप


भिवानी। समाधान शिविर में समस्या सुनते उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल।

### शिकायतों का यथासंभव करें निपटाराः डीसी

**चरखी दादरी।** अधिकारी समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा करें, किसी भी शिकायत को लंबित न रखें और निर्धारित समय पर एटीआर अपलोड करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर आयोजित समाधान शिविरों में एक ही छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में लोगों की जनसमस्याओं की सुनवाई की।

### तोशाम क्षेत्र में आज पहुंचेगी कांग्रेस की सद्भावना यात्रा

**तोशाम।** तोशाम हल्के में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। यह यात्रा 21 नवंबर को हलके के विभिन्न गांव से होते हुए तोशाम पहुंचेगी। कांग्रेस के अति पिछड़ा वर्ग हरियाणा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर जगदीश जांगड़ा झांवरी ने बताया कि यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए गांव-गांव जाकर कार्यकर्ता प्रचार अभियान चला रहे हैं और लोगों को यात्रा स्थल पर पहुंचने का निमंत्रण दिया जा रहा है। सद्भावना यात्रा शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे छप्पर चौक पर पहुंचेगी तत्पश्चात 11:00 बजे गांव सरल पहुंचेगी 12:00 बजे खरकड़ी तथा 1:00 बजे झांवरी गांव में पहुंचेगी।

### हमारा शौचालय पर आयोजित होंगी स्पर्धा

**भिवानी।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तत्वावधान में विश्व शौचालय दिवस 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक हमारा शौचालय-हमारा भविष्य अभियान-2025 का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शौचालय की कार्यक्षमता, मरम्मत, रखरखाव, सौंदर्यकरण और सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए सामुदायिक संचालन पर जोर देना है। अभियान के दौरान 10 दिसम्बर तक चरण अनुसार गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सीईओ जिला परिषद अजय चोपड़ा ने ये जानकारी दी।

### कर्मचारी विरोधी नीतियों पर आंदोलन का ऐलान

**भिवानी।** भाजपा सरकार की मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ 26 नवंबर को जिला मुख्यालय पर संयुक्त प्रदर्शन व 6, 7, 8 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री व सांसदों के आवास पर तीन दिवसीय पड़ाव की तैयारियों के लिए आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन जिला प्रधान राजबाला निनान, आशा वर्कर्स यूनियन संयोजक सुशीला व मिड डे मील वर्क्स यूनियन प्रधान सुदेश रिवासा की सयुक्त अध्यक्षता में तीनों संगठनों की सयुक्त बैठक की गई। बैठक को सीटू राज्य महासचिव जयभगवान, आशा वर्कर्स यूनियन की राज्य कोषाध्यक्ष अनीता, सीटू राज्य सहसचिव कामरेड अनिल कुमार, आंगनबाड़ी नेता राजबाला शर्मा ने संबोधित किया।

# लड़कों मे रौनक तो लड़कियों में भूमिका बनीं बेस्ट एथलीट

एमएनएस राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय 52वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

## प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, अनुशासन और टीम भावना को बढ़ाया : प्रो. जगबीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए तथा आयोजित प्रतियोगिता में लंबी छलांग लगाता एक प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को दो दिवसीय 52वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन महाविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित एक रंगारंग समारोह के साथ हुआ। समापन समारोह में छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण तथा खेल-प्रेमियों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही। समारोह की मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज ज्योति ग्रेवाल तथा विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य सुधीर शर्मा एवं कोच नवीन फ्रूटी थे। दोनों अतिथियों का महाविद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया।

प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्रेस प्रभारी डॉ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि लडक़ों की 100 मीटर दौड़ में अजय, प्रिंस व देवा, 800 मीटर दौड़ में प्रिंस, देवा सिंह व अजय, 1500 मीटर दौड़ में प्रिंस, विरेंद्र व अजय, 10 हजार मीटर दौड़ में विरेंद्र, अजय व कपिल, त्रिकूद में रौनक, प्रिंस व अजय, हैमर थ्रो में अरूण, राहुल व युद्धवीर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 4 बाई100 मीटर दौड़ में अजय, प्रिंस, रौनक व प्रवेश प्रथम, देवा सिंह, प्रिंस, निखिल व विरेंद्र द्वितीय तथा मयंक, हिमांशु, गौतम व वंश तृतीय रहे। 4 बाई 400 मीटर दौड़ में प्रिंस, देवा, निखिल, विरेंद्र प्रथम, साहिल, गौतम, हिमांशु व वंश द्वितीय, मोक्ष, अजय, लोकेश व महेश तृतीय रहे। वही लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में भूमिका, जयवंती व अनुज, 200 मीटर दौड़ में भूमिका, अनुज, जयवंती, 800 मीटर दौड़ में अनुज, जयवंती, दीक्षा व स्नेहा, लंबी कूद में भूमिका, जयवंती व अनुज, ऊंची कूद में भूमिका, स्नेहा, जयवंती, जैवलिन थ्रो में भूमिका, जयवंती व दीक्षा क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। म्यूजिकल चेयर रेस में नवीन फ्रूटी कोच एवं डॉ तरूणा द्वितीय स्थान पर रही। इस दौरान लडक़ों में सर्वश्रेष्ठ एथलीट रौनक व लड़कियों में भूमिका रहे। स्वागत संबोधन में प्राचार्य प्रो. जगबीर सिंह ने कहा कि हमारे कॉलेज की परंपरा रही है कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाए। इन प्रतियोगिताओं ने शारीरिक क्षमता, अनुशासन और टीम भावना को बढ़ाया है। मुख्य अतिथि ज्योति ग्रेवाल ने प्रतिभागी खिलाड़ियों और खेल आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह युवा खिलाड़ियों के जोश और समर्पण से मंत्रमुग्ध है। प्रतियोगिता के संयोजक डा. मीतेश शर्मा ने बताया कि इन प्रतिस्पर्धाओं का उद्देश्य प्रतिभाओं को पहचानकर आगे के लिए प्रेरित करना तथा स्वस्थ प्रतिप्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था। प्राचार्य प्रो. जगबीर सिंह ने कहा कि कॉलेज भविष्य में खेलों के लिए और संसाधन उपलब्ध कराएगा तथा खिलाडि़यों को प्रशिक्षण व मार्गदर्शन मिलेगा।


चरखी दादरी। लोगों की समस्या सुनते विधायक सुनील सांगवान।

### जनता दरबार में विधायक सांगवान ने सुनीं फरियाद

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सांगवान ने वीरवार को अपने दादरी कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाते हुए लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास करवाना उनका कर्तव्य है और उनका प्रयास है कि दादरी प्रदेश का अग्रणी हलका बने। विधायक सुनील सांगवान ने वीरवार को कैंप कार्यालय में लगाए जनता दरबार में एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं और कुछ का मौके पर निराकरण करवाया। बाकी के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।


चरखी दादरी। नशामुक्ति कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### स्वयंसेवकों व स्टाफ सदस्यों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**चरखी दादरी।** जनता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों, यूथ रेड क्रॉस एवं जिला समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनलाल ने बताया कि केंद्र सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूरा होने पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। स्वयंसेवकों एवं स्टाफ सदस्यों को नशामुक्ति की शपथ दिलवाई गई।

### कनिष्ठ वर्ग में रिया तो वरिष्ठ वर्ग में मनस्वी ने रचाई सर्वश्रेष्ठ मेहंदी

**तोशाम।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू में छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आदर्श ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन आर. के बंगालिया व सोसाइटी अध्यक्ष राजरूप धानियाँ ने किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक की छात्राओं ने भाग लेकर एक दूसरे के हाथों पर सुंदर डिजाइनों में मेहंदी लगाकर सबका मन मोह लिया। निर्णायक की भूमिका में प्राध्यापिका प्रवीन कुमारी, सुनीता भारद्वाज व मनीषा शर्मा का विशेष योगदान रहा। निर्णायकों के आंकलन के बाद कनिष्ठ वर्ग से कक्षा आठवीं की छात्रा रिया पुत्री रवींद्र सुंगरपुर तथा वरिष्ठ वर्ग से कक्षा बारहवीं सांईस की छात्रा मनस्वी पुत्री संजय बाजिया चंढावास ने सबसे अच्छी मेहंदी लगाकर सर्वश्रेष्ठ का खिताब जीता। इस अवसर पर चेयरमैन आर. के. बंगालिया ने बच्चों की इस कला पर खुशी प्रकट की और प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को बधाई दी। खुशी के इस मौके डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विकास बंगालिया, प्राचार्य एस. एन. पालीवाल, उपप्राचार्य संजय जागड़ा, कॉर्डिनेटर रामफल सिंह व गतिविधि प्रभारी हनिश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# एचटेट के तैयार व घोषित परिणाम में 1284 अभ्यर्थियों का अंतर, धांधली की आशंका : दीपेन्द्र हुड्डा

■ सरकारी धान खरीद घोटाले की जांच सीबीआई से करवाई जाएं : दीपेन्द्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, साथ में राव दानसिंह, प्रदीप गुलिया व अन्य। फोटो :हरिभूमि

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने गुरुवार को भिवानी में अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने सरकारी धान खरीद घोटाले, एचटेट के तैयार व घोषित परिणाम में 1284 अभ्यर्थियों का अंतर होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि खबरों में सामने आया कि बड़े पैमाने पर सरकारी अनाज की हेराफेरी और मंडियों में फर्जीवाड़ा हुआ है। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मांग की कि सरकारी धान खरीद घोटाले की जांच सीबीआई से करवाई ताकि पता चले कि किसान के नाम पर कौन लूट रहा है। इस दौरान सांसद दीपेन्द्र ने पूर्व विधायक रणबीर सिंह महेंद्रा के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने कहा कि इस सीजन में बारिश व जलभराव के चलते बड़े पैमाने पर किसानों की फसल बर्बाद हुई और पैदावार घटी। इसके बावजूद पूरे प्रदेश में धान की सरकारी खरीद रिकॉर्ड स्तर पर हुई, जो समझ से परे है। वहीं, एचटीईटी के तैयार व घोषित परिणाम में 1284 अभ्यर्थियों का अंतर आया है। पूरे प्रदेश में बड़े स्तर की अंधेरगर्दी चल रही है। उन्होंने कहा कि हररोज नए-नए सवाल सामने आ रहे हैं कि तैयार परिणाम किस आधार पर संशोधित किया।

#### भिवानी में 4 दिसंबर को करेंगे प्रदर्शन

हरियाणा में वोट चोरी के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर जिले में प्रदर्शन कर रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस 4 दिसंबर को भिवानी में बड़ा प्रदर्शन करेगी। भाजपा ने भ्रष्टाचार से खूब धन इकट्ठा कर लिया और साम दाम दंड भेद यंत्र मंत्र तंत्र का दुरुपयोग कर हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी की है, जिसका खुलासा राहुल गांधी ने तथ्यों और प्रमाणों के साथ किया है। सांसद दीपेन्द्र ने तोशाम में पूर्व चेयरमैन अनीता मलिक की बेटी की शादी में शिरकत की।

#### पुलिस की रैंकिंग 8वें से खिसककर 14वें पर पहुंचे

उन्होंने इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के हवाले से कहा कि पिछले पांच साल में हरियाणा पुलिस की रैंकिंग 8वें स्थान से खिसककर 14वें स्थान पर पहुंच गई है। 18 बड़े राज्यों में हरियाणा पुलिस 14वें नंबर पर है, यहां की स्थिति इतनी खराब है कि बिहार जैसे राज्य भी हरियाणा से चार पायदान ऊपर है। कांस्टेबल स्तर के 38.9 प्रतिशत, महिला पुलिस अधिकारियों के 17.8 प्रतिशत पद रिक्त हैं और अन्य पर अत्यधिक कार्यभार है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व सीपीएस राव दान सिंह, विधायक राजबीर फरटिया, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, पूर्व विधायक सुखविंद्र मांडी, कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी, कमल सिंह प्रधान, धीरज सिंह, सत्यजीत पिलानिया, नरेन्द्र गागड़वास, कुलवन्त कोटिया, सविता मान, जयबीर सिंह परमार, समीर खटीक, राजेन्द्र धानक, मंदीप सूई, संदीप सिंह तंवर, रजत बाल्मीकि, रूपेंद्र ग्रेवाल, संजय गांधी, ईश्वर शर्मा व शिवकुमार धानक आदि मौजूद रहे।


भिवानी। लिटिल हार्टस में सब्जियों की वेशभूषा में विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सब्जियों की वेशभूषा से दिए संदेश

**भिवानी।** लिटल हार्टस कान्वेन्ट स्कूल में एलकेजी कक्षा के बच्चों की वेजिटेबल फेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने उत्साह व आत्मविश्वास का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक अपनी उत्कृष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने सब्जियों व हरि सब्जियों की वेशभूषा में आकर्षक किरदार निभाते हुए हमारे जीवन में सब्जियों का महत्व बताया और स्वास्थ्य संबंधी संदेश दिए। निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक रामानन्द सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल व साक्षी गोयल ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### यूनिवर्सल चिल्ड्रन डे पर फैंसी ड्रेस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



चरखी दादरी। प्रतियोगिता के दौरान डॉक्टर की वेशभूषा में विद्यार्थी।

**चरखी दादरी।** यूनिवर्सल चिल्ड्रन डे पर बीआर शिक्षण संस्था बिरहीकलां में भव्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन जीत लिया। उन्होंने कहा कि कोई बच्चा डॉक्टर बना, तो कोई स्वतंत्रता सेनानी, कोई किसान बना तो कोई जवान की वेशभूषा में नजर आया। रंग-बिरंगे परिधानों और उत्साह से भरे बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं और आत्मविश्वास भरी प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। संस्था के चेयरमैन कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि यूनिवर्सल चिल्ड्रन डे बच्चों के अधिकार, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास का प्रतीक है।

### सांसद कोटे से तीन गांवों को टैंकर किए वितरित

**बाढड़ा।** राज्य सभा सांसद मेजर जनरल सेवानिवृत डीपी वत्स व भिवानी महेन्द्रगढ़ लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह के कोटे से तीन गांवों को सार्वजनिक कामकाज व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति में प्रयोग करने के लिए पेयजल टैंकर वितरित कर डोहका मौजी, डुडीवाला किशनपुरा, डुडीवाला नंदकरण, रामपुरा आदि पंचायत प्रतिनिधियों को सौंपे तथा जल्द ही और टैंकर भेजने का आश्वासन दिया। सांसद जन्मदिन सद्भावना कार्यक्रम के तहत कस्बे के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में दी केन्द्रीय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास ने पंचायत समिति चेयरमैन प्रतिनिधि आनंद फौजी व बीडीपीओ मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में तीन गांवों के पंचायत प्रतिनिधियों को पेयजल टैंकर वितरित किए। उनके अलावा पंचायत समिति चेयरमैन आनंद फौजी, बीडीपीओ मनोज कुमार, जिला पार्षद अशोक कादमा, सरपंच बजरंग डोहका मौजी, सरपंच समीक्षा रामपूरा, पुरुषोतम, मुकेश डुडीवाला, सरपंच रुपा, बलवान आर्य, सरपंच अजीत डुडीवाला नंदकरण, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा कारी, मास्टर बजरंग सिंटी, महेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## डीएस स्कूल में बाल वैज्ञानिकों ने 100 मॉडल पेश किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। प्रतिभागियों के साथ शिक्षक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

डीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ब्लॉक लेवल राज्यस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 का आयोजन किया गया। जिसका विषय स्टैम विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत रहा, जिसमें कैरू ब्लॉक के लगभग 50 सरकारी एवं निजी स्कूलों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गिल एवं प्राचार्य गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदन कुमार एवं डीएस सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन मुकेश चौहान, प्राचार्य विकास मेहता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रवक्ता अनिल कुमार अरोड़ा, प्रवक्ता मनोज शर्मा एवं प्रवक्ता विद्यानंद ने निभाई। बच्चों द्वारा लगभग 100 से अधिक मॉडलों को प्रस्तुत किया। इस पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नवल किशोर ने किया।

### पीड़ित को निर्धारित समयावधि में सहायता दी जाएः उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में वीरवार को एससी/एसटी से संबंधित जिला सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित को निर्धारित समयावधि में सहायता राशि प्रदान की जाए। इसके साथ ही एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज हुए केसों के क्रियान्वयन पर ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई एक्ट के तहत निराधार केस मिलता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन केसों में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किए जाते हैं तो उसी समय एक प्रति जिला कल्याण अधिकारी को भेजें।

## लालावास में हवन व भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। प्राचीन शिव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन करते कथावाचक रासबिहारी गोपीनाथ।

गांव लालावास स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में गोविंद परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का वीरवार को संपन्न हुई। कथावाचन श्रीमद जयपताका स्वामी गुरू महाराज के शिष्य सुप्रसिद्ध कथा वाचक रासविहारी गोपीनाथ दास ने किया। रासबिहारी गोपीनाथ दास ने श्रीमद्भागवत कथा ने उपस्थित भक्तों को अध्यात्म, भक्ति एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा, रास पंचाध्यायी, श्रीकृष्ण-उद्धव संवाद, कृष्ण सुदामा संवाद, कृष्ण यशोधा संवाद जैसे अमूल्य प्रसंगों को सरल, सजीव और भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। इस धार्मिक आयोजन में काकडोली धाम के महामंडलेश्वर दिनेशानंद महाराज का सानिध्य रहा।

## श्री अग्रवंश परिवार ट्रस्ट ने किया प्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। प्रभुजनों को भोजन करवाते श्री अग्रवंश परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

श्री अग्रवंश परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग का निरंतर अनुसरण कर हर माह की अमावस्या पर प्रसाद वितरण किया। इस बार प्रसाद वितरण दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में प्रभुजनों के बीच किया।

ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वप्रथम आदि पुरुष महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को नमन किया। ट्रस्ट के प्रधान नरेश गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन महान समाज सुधारक और जनकल्याण के प्रणेता थे। इस अवसर पर विजय बंसल, नमन बंसल, अजीत सिंह फौजी, सुरेश पनवाड़ी, अमित गोयल, पंकज गोयल, शिव भगवान, जभगवान, मित्तल, नरेश गोयल अध्यक्ष व सुभाष खरकिया आदि मौजूद रहे।

आयोजन | जब-जब धर्म की ग्लानि होती, तब-तब भगवान अवतरित होते हैं

# श्रीकृष्ण कथामृत में सुनाई भगवान के जन्म उत्सव की कथा, झूमे श्रद्धालु

भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व किसी परिभाषा में चित्रित करना असंभवः साध्वी भारती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। श्रीकृष्ण कथामृत में प्रवचन देतीं साध्वी जयंती भारती। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में खाकी बाबा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथामृत दूसरे दिन पूरे भक्ति व उत्साह का माहौल रहा। कथा का वाचन आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी जयंती भारती द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की जन्म की कथा का वृतांत सुनाया। जैसे ही श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण अवतरण प्रसंग सुना तो सभी श्रद्धा से नतमस्तक हो उठे और सरस श्रीकृष्ण भजनों से सारा पंडाल ब्रजवासियों की भांति नाच उठा। इस दौरान कथा में बतौर मुख्य यजमान सतीश चौधरी चरखी दादरी, डॉ.अजमेर सिंह फिजियोथैरेपी पहुंचे तथा कथा का पूजन किया। कथावाचिका साध्वी जयंती भारती ने कहा कि जब-जब धर्म की ग्लानि होती है तथा अभ्युत्थान होता है तब-तब भगवान विश्व में अवतरित होते है। द्वापर युग में प्रभु ने धरा धाम को अपने चरण कमलों से पावन किया। जब वासुदेव ने भगवान की प्रेरणा से अपने पुत्र को लेकर सूतिकागृह से बाहर निकलने की इच्छा की, तब द्वारपाल व पुरवासियों की इंद्रियों वृत्तियों की चेतना हर ली।

बंदीगृह के द्वार अपने आप खुल गए, जिन पर बड़े-बड़े लोहे की जंजीरें और ताले जड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि जो प्रभु का साक्षात्कार कर लेते हैं, उनके लिए कारागार के द्वार तो क्या मोक्ष के द्वार भी खुल जाते हैं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दर्शनलाल मिड्ढा, वेदप्रकाश चुग, वेदप्रिय आर्य, ओमप्रकाश नंदवानी, दीपक शर्मा एडवोकेट, जगदीश, आनंद अरोड़ा, खुशहाल ग्रोवर, मनीष शर्मा, रविंद्र जांगड़ा, अशोक सिंह, ओमप्रकाश राजपुरोहित व प्राचार्य यशपाल आदि मौजूद रहे।

### विजेताओं को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** गांव समसपुर स्थित जीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर स्टेट लेवल पर ब्रांज मेडल जीता। स्कूल परिसर में समारोह आयोजित कर जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी तथा प्राचार्य अनूप सिंह ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

